31-07-23.

तलवाड़ी महाविद्यालय में मनाया प्रवेशोत्सव

थराली (चमोली)। राजकीय महाविद्यालय तलवाड़ी में प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस दौरान एंटी ड्रग सेल ने नशा मुक्ति को लेकर कार्यक्रम आयोजित किए। लाल बहादुर शास्त्री सभागार में आयोजित प्रवेश उत्सव कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रचार्य डॉ. योगेंद्र चंद्र सिंह ने की। बतौर मुख्य अतिथि रमेश चंद थपलियाल मुख्य कार्यकारी जागो हिमालयन ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने मुख्य अतिथि संबोधन में उन्होंने महाविद्यालय के छात्रों को प्रवेश उत्सव की शुभकामनाएं दी और छात्र छाताओं को नशे से दूर रहने के लिए नशा मुक्ति अभियान पर व्याख्यान दिया।

डॉ. नीतू पांडे ने महाविद्यालय की आख्या और महाविद्यालय में उपलब्ध संसाधनों के बारे में नए प्रवेश कर रहे बच्चों को विस्तार से जानकारी दी। साथ ही नई शिक्षा नीति के तहत विषय चयन एव पाठ्यक्रम प्रस्तुतिकरण लर जानकारी दी। डॉ. शंकर राम ने महाविद्यालय में छात्रवृत्ति और कैरियर काउंसलिंग सेल के संबंध में जानकारी दी। डॉ. प्रतिभा आर्य ने शैक्षिक माहौल और पूर्व में महाविद्यालय द्वारा प्राप्त की गई उपलब्धियों से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया। इस दौरान छात्रसंघ अध्यक्ष कृष्णा रावत, पीटीए अध्यक्ष किशोर चंद जोशी, कोषाध्यक्ष महिपाल सिंह रावत, उपाध्यक्ष खिलाफ सिंह रावत, उपमंत्री विमला देवी ,पूर्व अध्यक्ष गोपाल सिंह फर्सवान, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य सुभाष चंद्र पिमोली, डॉ पुष्पा रानी, डॉ. ललित जोशी, अनुज कुमार, मोहित उप्रेती, डॉ. संतोष पंत, डॉ. सुनील कुमार, कुलदीप जोशी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रतिभा आर्य व डॉ ललित जोशी ने किया।

भाभी ने ननद पर तेजाब फेंका, मुकदमा दर्ज

रुड़की। कोतवाली क्षेत्र के गांव मंडावली निवासी पूनम ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसका विवाह छपरौली थाना क्षेत्र बागपत उत्तर प्रदेश में हुआ था। पीड़िता का कहना है कि मंडावली में उसके बूढ़े माता-पिता हैं जो कि अक्सर बीमार रहते हैं। उन्हें देखने के लिए वह अक्सर आती जाती रहती है। पीड़िता का आरोप है कि उसका भाई तथा भाभी उसके माता-पिता का ख्याल नहीं रखते हैं। इसके कारण उसे समय-समय पर अपने माता-पिता की देखरेख के लिए मायके आना पड़ता है। पीड़िता ने बताया कि 22 जून को अपनी माता देखने के लिए आई थी। सुबह के समय वह अपनी गाय को पानी पिला रही थी। तभी उसकी भाभी उसके साथ अभद्रता करने लगी। मना करने पर वह अपने कमरे में गई और उसने तेजाब लाकर उसके चेहरे पर डाल दिया। इससे उसका चेहरा पूरी तरह से झुलस गया। चीख-पुकार सुनकर उसके पिता व अन्य पड़ोसी मौके पर पहुंचे।

महाविद्यालय तलवाडी में संपन्न हुआ प्रवेश उत्सव

रिपोर्ट केशर सिंह नेगी

जनाभास, थराली चमोली। राजकीय महाविद्यालय तलवाडी में प्रवेश कर रहे बच्चों के साथ महाविद्यालय परिवार ने प्रवेशोत्सव मनाया। इस दौरान एंटी ड्रग सेल द्वारा नशा मुक्ति को लेकर भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। सोमवार को राजकीय महाविद्यालय तलवाड़ी के लाल बहादुर शास्त्री सभागार में आयोजित प्रवेश उत्सव कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रचार्य डॉ योगेंद्र चंद्र सिंह की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि रमेश चंद थपलियाल मुख्य कार्यकारी जागो हिमालयन ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने मुख्य अतिथि संबोधन में उन्होंने महाविद्यालय के छात्रों को प्रवेश उत्सव की शुभकामनाओं दी,और छात्र छाताओ को नशे से दूर रहने के लिए नशा मुक्ति अभियान पर व्याख्यान दिया। इस दौरान महाविद्यालय की ओर से डॉक्टर नीतू पांडे द्वारा महाविद्यालय की आख्या और महाविद्यालय में उपलब्ध संसाधनों के बारे में नए प्रवेश कर रहे बच्चों को विस्तार से जानकारी दी । साथ ही नई शिक्षा नीति के तहत विषय चयन एव पाठ्यक्रम प्रस्तुतिकरण लर जानकारी दी। डॉ शंकर राम द्वारा महाविद्यालय में छात्रवृत्ति और कैरियर काउंसलिंग सेल के संबंध में जानकारी दी गई। डॉ प्रतिभा आर्य द्वारा महाविद्यालय के शैक्षिक माहौल और पूर्व में महाविद्यालय द्वारा प्राप्त की गई उपलब्धियों को लेकर छात्र छात्राओं को अवगत कराया गया। इस दौरान छात्रसंघ अध्यक्ष कृष्णा रावत, पीटीए अध्यक्ष किशोर चंद जोशी, कोषाध्यक्ष महिपाल सिंह रावत, उपाध्यक्ष खिलाफ सिंह रावत, उपमंत्री विमला देवी ,पूर्व अध्यक्ष गोपाल सिंह फर्श्वन, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य सुभाष चंद्र पिमोली,डॉ पुष्पा रानी, डॉ ललित जोशी,अनुज कुमार,मोहित उप्रेती,डॉ संतोष पंत,डॉ सुनील कुमार,कुलदीप जोशी,हुवकम सिंह,महिपपाल सिंह, धीरेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रतिभा आर्य व डॉ ललित जोशी ने सयुक्त रूप से किया।